## खबर संक्षेप

### दिन दहाड़े 25 हजार नकदी व जेवरात किये पार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए वारदात को अंजाम दिया। हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रार्थी हरिनारायण गुप्ता 40 वर्ष द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि 14 अक्टूबर को सुबह करीब 11:00 बजे अपने घर से बाहर गए हुए थे। जब वे शाम को 19:45 बजे वापस लौटे तो उनके घर के अंदर का हाल देखकर उनके होश उड़ गए। अज्ञात चोर घर का ताला/दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर में रखे 25,000 रूपये नकद तथा सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, चोरों का सुराग लगाया जा सके।

### अलग अलग स्थानों से मोटर साइकिलें चोरी

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र की जागृति कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी चंद्रशेखर प्रजापति मूल निवासी जिला महोबा, उत्तर प्रदेश की टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल क्रमांक UP 91Q 9453 जागृति कॉलोनी में सुनील सोनी के मकान के पास खड़ी थी। अज्ञात चोर इस दोपहिया वाहन को चुराकर ले गए। प्रार्थी द्वारा घटना की रिपोर्ट 14 अक्टूबर की शाम को दर्ज कराई गई, हालांकि घटना 26 सितंबर 2026 की रात्रि लगभग 21:00 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाहन चोरी के इस मामले में पुलिस स्थानीय संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। वहीं बरही थाना क्षेत्र में भी चोरों ने वाहन चोरी किया। प्रार्थी सुनील चौधरी 31 वर्ष, निवासी विजयराघवगढ़ की मोटरसाइकिल ग्राम पथरहटा में 12 अक्टूबर 2026 की रात खड़ी थी। अज्ञात चोर मौका पाकर वाहन चुरा ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला, तो थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हे। चोरों की तलाश की जा रही हैं।

### नशे में वाहन चलाने पर 3 के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**कटनी।** नवरात्र पर्व पर शहर में सड़क सुरक्षा और आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। मिशन चौक सहित शहर के विभिन्न व्यस्त इलाकों में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में दो ई-रिक्शा चालकों और एक बाइक सवार के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा जरूरी दस्तावेज न होने और नियमों के उल्लंघन पर अन्य चालकों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई।यह अभियान एसपी अभिनव विश्वकर्मा, एएसपी कमल मौर्य, डीएसपी रत्नेश मिश्रा और यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह के मार्गदर्शन में चलाया गया।

## ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पाली के 1000 साल पुराने मंदिर का अलौकिक इतिहास, पैसे उधार देने की किवदंती

# चमत्कारिक रहस्यों को संजोय है 24 भुजाओं वाली माँ विरासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



महाकौशल अंचल अपने आंचल में कई ऐसे अनूठे और विस्मयकारी रहस्यों को समेटे हुए है, जिनके आगे आधुनिक विज्ञान और तार्किकता भी नतमस्तक हो जाती है। जब आस्था और इतिहास का मिलन होता है, तो ऐसी अमर लोककथाएं जन्म लेती हैं जो पीढ़ियों तक जनमानस के दिलों में जीवंत रहती हैं। ऐसा ही एक अलौकिक और ऐतिहासिक शक्तिपीठ ढीमरखेड़ा तहसील के पाली गांव में स्थित है। घने जंगलों के बीच बसे इस पावन धाम को '24 भुजी माँ विरासिन माता मंदिर' के नाम से जाना जाता है।

ढीमरखेड़ा के इस सुदूर वनांचल में स्थित पाली ग्राम का यह मंदिर अपनी अद्वितीय भव्यता, प्राचीन मूर्तिकला और भक्तों की झोली भरने वाले अनूठे चमत्कारों के लिए विख्यात है। 1000 साल पुराने इस पावन मंदिर का इतिहास पुरातत्व विभाग की खोजें और माता के दरबार से जुड़ी पैसे उधार मिलने की वह अविश्वसनीय लोक मान्यता।

मां विरासिन माता की सबसे बड़ी विशेषता उनकी अद्वितीय प्रतिमा है। पूरे भारतवर्ष में माता बिरासिनी या विरासन देवी के कई रूप पूजे जाते हैं, लेकिन यहाँ का स्वरूप अपने आप में इकलौता माना जाता है। पुरातत्वविदों और स्थानीय पुजारियों के अनुसार, देश में स्थापित विरासिन माता की मूर्तियों में मुख्य रूप से तीन स्वरूप देखने को मिलते हैं छत्तीसगढ़ के हरवाह की प्रतिमा यहाँ विरासिन माता केवल दो भुजाओं (द्विभुजी) वाले सौम्य स्वरूप में विराजमान हैं, उमरिया के बिरसिंहपुर पाली की प्रतिमा वहाँ माता का विख्यात स्वरूप अष्टभुजी (आठ भुजाओं वाला) है। कटनी के ढीमरखेड़ा पाली की प्रतिमा यहाँ गर्भगृह में साक्षात आदि शक्ति जगदम्बा 24 भुजाओं (चतुर्विंशति भुजी) के साथ सिंह पर सवार होकर दुष्टों का संहार करने वाली मुद्रा में विराजमान हैं। काले कसौटी पत्थर (शैल) से निर्मित माता की यह भव्य मूर्ति इतनी जीवंत है कि उनके दर्शन मात्र से भक्तों के भीतर भक्ति का संचार होने लगता है। माता की चौबीस भुजाओं में विभिन्न प्रकार के अचूक दैवीय अस्त्र-शस्त्र सुशोभित हैं, जो इस बात का प्रतीक हैं कि माता अपने भक्तों की चौतरफा संकटों से रक्षा करती हैं।

### कलचुरी राजवंश से जुड़ा इतिहास

यह पावन मंदिर कोई आधुनिक निर्माण नहीं है, बल्कि इसका इतिहास देश के गौरवशाली कलचुरी राजवंश से जुड़ा हुआ है। इतिहासकारों के अनुसार, ढीमरखेड़ा पाली का यह मंदिर और इसकी अलौकिक प्रतिमा लगभग 1000 वर्ष प्राचीन (10वीं से 11वीं शताब्दी) है।कलचुरी काल के राजा शक्ति (दुर्गा) और शिव के अनन्य उपासक हुआ करते थे। उन्होंने अपने राज्य के वनांचल क्षेत्रों में कई दुर्गम और सुरक्षित शक्तिपीठों की स्थापना की थी। ढीमरखेड़ा का यह इलाका उस समय घने और अभेद्य जंगलों से घिरा हुआ था। मान्यता है कि राजाओं ने इस शांत और आध्यात्मिक वातावरण को तंत्र-साधना और माँ की आराधना के लिए चुना था। समय के साथ जब राजवंशों का अंत हुआ, तो यह मंदिर घने जंगलों के बीच एकांत में आ गया, लेकिन माता के चमत्कारों के कारण भक्तों का जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ।

### वापस करनी होती थी उधार की राशि

माता के इस चमत्कारी 'दैवीय बैंक' का एक बेहद सख्त नियम था। जब व्यक्ति का संकट टल जाता था, बेटी की विदाई सकुशल हो जाती थी या उसकी फसल अच्छी हो जाती थी, तो उसे वह उधार ली हुई राशि पूरी ईमानदारी के साथ माता के चरणों में लाकर वापस रखनी होती थी। लोग अपनी मन्नत पूरी होने की खुशी में उस मूल राशि के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ अतिरिक्त पैसे या सामग्री भी दान करते थे।चमत्कार बंद होने के पीछे की बेईमानीकहते हैं कि एक समय ऐसा आया जब एक चालाक और लालची इंसान ने अपनी झूठी विपदा बताकर माता के दरबार से एक बड़ी धनराशि उधार ले ली। माता की कृपा से उसका काम तो बन गया, लेकिन जब धन वापस करने का समय आया, तो उसके मन में पाप जाग उठा। उसने सोचा कि यह तो निर्जन जंगल में पत्थरों के बीच बना मंदिर है, मेरा कोई क्या बिगाड़ लेगा। उसने वह धन वापस नहीं किया। लोक कथाओं के अनुसार, इंसानी सभ्यता की इस बेईमानी और धोखे से माँ विरासन अत्यंत क्रोधित और दुखी हो गईं। उस पापी का तो विनाश हुआ ही, लेकिन माता ने साक्षात रूप से सिक्के या पैसे उधार देने के उस दिव्य चमत्कार को हमेशा के लिए समेट लिया। आज भी लोग कहते हैं कि यदि मानव अपनी ईमानदारी नहीं खोता, तो आज भी इस दर से कोई गरीब भूखा या लाचार नहीं लौटता।

### गर्भगृह से मिलता था 'पैसा उधार'

ढीमरखेड़ा और कटनी अंचल के लोकगीतों और कथाओं में जिस चमत्कारी घटना का सबसे ज्यादा उल्लेख मिलता है, वह है भक्तों को संकट के समय माता के दरबार से आर्थिक मदद (पैसा उधार) मिलना। सच्ची नीयत पर पिघलती थी माँ की ममताप्राचीन जनश्रुतियों के अनुसार, सदियों पहले जब इस दुर्गम वनांचल में कोई गरीब आदिवासी, किसान या जरूरतमंद ग्रामीण घोर आर्थिक तंगी से घिर जाता था चाहे घर में बेटी का ब्याह हो, कोई गंभीर बीमारी हो या फसल बर्बाद हो जाने के कारण भुखमरी की नौबत आ गई हो तो उसके पास कोई सहारा नहीं होता था। ऐसे में वह रोता हुआ घने जंगलों को पार कर माँ विरासिन के चरणों में आकर बैठ जाता था, कहा जाता है कि जब भक्त पूरी रात सच्ची नीयत और रोते हुए माता के सामने अपनी विपदा सुनाता था, तो गर्भगृह से अचानक घुंघरुओं और सिक्कों की खनक सुनाई देती थी। सुबह की पहली किरण के साथ, माता की प्रतिमा के ठीक नीचे लगे जलहरि या चरणों के पास सोने या चांदी के प्राचीन सिक्के प्रकट हो जाते थे।कभी-कभी मंदिर के प्रधान पुजारी को आधी रात में दिव्य स्वप्न आता था कि अमुक पीड़ित को भंडार से तय राशि दे दी जाए।

## देवी भागवत नवाहयज्ञ में माँ दुर्गा का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शारदेय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है।चहुँओर माताराणी की जयजयघोष हो रही है।वही स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे देवी भागवत नवाहयज्ञ चल रहा ।जिसमे देवी कथा का वाचन पंडित दिलीप त्रिपाठी के मुखारविंद से किया जा रहा है।कथा के पांचवे दिवस गुरुवार को माँ आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा जनमानस को श्रवण कराई गई। कथा वाचक ने कहा कि असुरों के अत्याचार से देवता परेशान हो गए थे।तब देवता ब्रह्मा जी के पास गए और उनसे समाधान मांगा।तब ब्रह्माजी ने बताया की दैत्यराज को यह वर प्राप्त है कि उसकी मृत्यु किसी कुंवारी कन्या के हाथ से होगी, तो सब देवताओं ने अपने सम्मिलित तेज से देवी के इन रूपों को प्रकट किया।

विभिन्न देवताओं की देह से निकले हुए इस तेज से ही देवी के विभिन्न अंग बने। भगवान शंकर के तेज से देवी का मुख प्रकट हुआ, यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से स्तन, इंद्र के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितंब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पौरों की ऊंगलियां, प्रजापति के तेज से सारे दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौंहें, वायु के तेज से कान तथा अन्य देवताओं के तेज से देवी के भिन्न-भिन्न अंग बने हैं। फिर शिवजी ने उस महाशक्ति को अपना त्रिशूल दिया, लक्ष्मीजी ने कमल का फूल, विष्णु ने चक्र, अग्नि ने शक्ति व बाणों से भरे तरकश, प्रजापति ने स्फटिक मणियों की माला, वरुण ने दिव्य शंख, हनुमानजी ने गदा, शेषनागजी ने मणियों से सुशोभित नाग, इंद्र ने वज्र, भगवान राम ने धनुष, वरुण देव ने पाश व तीर, ब्रह्माजी ने चारों वेद तथा हिमालय पर्वत ने सवारी के लिए सिंह प्रदान किया। इसके अतिरिक्त समुद्र ने बहुत उज्जवल हार, कभी न फटने वाले दिव्य वस्त्र, चूड़ामणि, दो कुंडल, हाथों के कंगन, पैरों के नूपुर तथा अंगुठियां भेंट कीं। इन सब वस्तुओं को देवी ने अपनी अठारह भुजाओं में धारण किया।

कथा वाचक ने कहा कि मां दुर्गा इस सृष्टि की आद्य शक्ति हैं यानी आदि शक्ति हैं। पितामह ब्रह्माजी, भगवान विष्णु और भगवान शंकरजी उन्हीं की शक्ति से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन-पोषण और संहार करते हैं। अन्य देवता भी उन्हीं की शक्ति से शक्तिमान होकर सारे कार्य करते हैं।कथा वाचक ने जैसे ही आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा सुनाई समूचा कथा परिसर जन्मोत्सव के आनंद में रम गया।चहुँओर माताराणी की जयजयघोष होने लगी।ढोल-नगाड़े बजने लगे,श्रद्धालु नृत्य करने लगे।बधाई गीत गाये गए।कथा के अंत मे सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, रमाकांत पौराणिक,नरेंद्र दुबे,जयदीप त्रिपाठी, बृजेश दुबे, अनुराग मिश्रा,केशव दुबे, आदित्य दुबे, राकेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित




मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ एवं हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर विकासखंड बहोरीबंद की महिला एवं बाल हितैषी ग्राम पंचायत तेवरी में जागरूकता सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक नेतृत्व को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत कटनी की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर की विशेष मौजूदगी रही। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मेहरा ने बालिकाओं को शिक्षित होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। महिलाओं को उचित अवसर एवं मंच उपलब्ध कराना सशक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। समारोह में शिक्षा, खेल, समाजसेवा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम विकास एवं जनहित के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला सरपंच एवं पंच जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया।

## भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में झूम उठे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर ढीमरखेड़ा बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन हो गए। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचक ज्ञानेश महाराज अपने मुखारविंद से कर रहे हैं। उनकी ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण कथा शैली श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ रही है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन होते ही कथा स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ अपनी आस्था प्रकट की।

### कथा सुनने उमड़ रही भीड़

दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति से कथा स्थल पर रौनक बनी हुई है। नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना और श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर कथा श्रवण करने की अपील की गई है। यह आयोजन ग्रामीणों को धर्म और आध्यात्मिकता से जोड़ने के साथ सामाजिक एकता एवं आपसी सद्भाव का संदेश भी दे रहा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

# 126 प्रकरणों में 108 लाख रूपये की राहत राशि का भुगतान, अभी 114 शेष



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को शासन की निर्धारित राहत राशि का लाभ सुनिश्चित कराने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत राशि की स्वीकृति, वितरण और लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने समिति सदस्यों से कहा कि अधिनियम के प्रावधानों और पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि पीड़ित परिवारों को शासन की सहायता एवं राहत संबंधी प्रावधानों की जानकारी मिल सके।

### विभिन्न वित्तीय वर्षों में राहत राशि वितरण की समीक्षा

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त 350 प्रकरणों में 403.375 लाख रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त 110 प्रकरणों में 158.31 लाख रुपये की राहत राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार, 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक प्राप्त 240 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें से 126 प्रकरणों में 108 लाख रुपये की राहत राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष 114 प्रकरणों में आवंटन प्राप्त होने पर भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला संयोजक, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग विमल कुमार चौरसिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिया लाल चौधरी, महिला सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री वनश्री कुर्वेती सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## छात्रावासों की व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

# रात में छात्रावास में ही रूके अधीक्षक, लापरवाही पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छात्रावासों, आश्रमों एवं आवासीय संस्थाओं के संचालन में गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हर सिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिकाओं को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुविधायुक्त एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से नियमित रूप से संचालित की जाएं तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं का संबंधित छात्रावास में निवास करना तथा रात्रि विश्राम करना अनिवार्य है। निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध दायित्व से मुक्त करने सहित नियमानुसार आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शत-प्रतिशत नामांकन तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने अथवा उनके बार-बार घर चले जाने की प्रवृत्ति सामने आने पर कारणों की समीक्षा कर संबंधित अधीक्षक की जवाबदेही निर्धारित की जाए और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

श्रीमती कौर ने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और नियमितता पर सतत निगरानी रखी जाए। छात्रावास संचालन में पालकों की सहभागिता बढ़ाते हुए उनके सुझावों को गंभीरता से लिया जाए तथा आवश्यक सुधार किए जाएं, ताकि पालकों का संस्थाओं के प्रति विश्वास मजबूत हो और वे अपने बच्चों की शिक्षा एवं आवासीय व्यवस्था को लेकर आश्वस्त रहें।

उन्होंने छात्रावासों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और प्रत्येक विद्यार्थी का स्वास्थ्य कार्ड संधारित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के शारीरिक व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नियमित रूप से प्रोत्साहित करने को कहा। साथ ही कक्षों, शौचालयों, स्नानागारों, बिस्तरों एवं पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्तता, स्वच्छता और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ ने छात्रावासों में उपलब्ध फर्नीचर एवं उपकरणों के संधारण, आवश्यक मरम्मत, खेल सामग्री, सांस्कृतिक गतिविधियों, शैक्षणिक भ्रमण तथा आकस्मिक व्यय से संबंधित राशि का नियमानुसार उपयोग करने और उसका समुचित अभिलेख संधारित रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि छात्रावासों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

# बड़ी माई को लाल तो महाकाली को चढ़ाई 211 मीटर लंबी काली चुनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर पंचमी तिथि को गुरुवार को उमरियापान में भक्तिभाव और आस्था के साथ विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने बड़ी माई को 211 मीटर लंबी लाल चुनरी और चंडी माता मंदिर में विराजी महाकाली को 211 मीटर लंबी काली चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। चुनरी यात्रा की शुरुआत मचखण्डा मोहल्ला स्थित बड़ी माई मंदिर से हुई। बैंड-बाजों की गूंज और माता के जयकारों के बीच यात्रा कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड और झंडा चौक होते हुए स्लीमनाबाद मार्ग स्थित बड़ी माई मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माताराणी को लाल चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की।इसके बाद यात्रा पुनः शुरू होकर झंडा चौक, बस स्टैंड और बावली मंदिर होते हुए चंडी माता मंदिर पहुंची। यहां भक्तों ने महाकाली माता को काले रंग की 211 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई। इसके बाद आरती कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। चुनरी यात्रा में मां अंबे की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुईं। वहीं, श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर भाव खेलते और दंड भरते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। पूरे मार्ग में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान पुलिस बल भी व्यवस्था संभालने के लिए मौजूद रहा।

प्रमोद असाटी और अतुल असाटी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि उमरियापान में पिछले पांच वर्षों से नवरात्र पर्व पर विशाल चुनरी यात्रा निकाली जा रही है।

## खबर संक्षेप



### तीन टीमें जिले में प्रथम, संभाग स्तर में हुआ चयन

**बरही।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशनुसार कालीदासस प्रतियोगिता समारोह का आयोजन प्रति होता है इस आयोजन में संदीपनी विद्यालय करेला की टीम तीन विद्यार्थी ने कटनी जिले से प्रथम में चयनित होकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं इस प्रतियोगिता में नृत्य नाटिका में नंदनी ग्रुप प्रथम स्थान में चयनित हुआ जिसमें दस छात्र एवं दो छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए श्लोक वाचन कनिष्ठ वर्ग में एक छात्र चित्रांकन में एक छात्र जिले में प्रथम रहने पर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुई थी इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सुश्रीसुरक्षा लाझेवार देवा बंसकार शैलेन्द्र पांडेय अनिल दुबे का विशेष योगदान रहा साथ ही विद्यालय के प्राचार्य आर के शुक्ला के प्रोत्साहन एवं सहयोग से छात्र छात्राएं लगातार संस्कृति गतिविधियों में चयनित हो रहे हैं साथ विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

### बाल विवाह रोकथाम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन विषय पर कार्यशाला



**विजयराघवगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह रोकथाम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे उपरोक्त विषयों पर महिला एवं बाल विकास द्वारा बलिकाओ को जानकारी प्रदान की गयी .उन्हें बाल विवाह अधिनियम के सम्बन्ध में सम्पूर्ण नियम सही उम्र और शिकायत सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारिया देते हुए कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम भी बताए गए,दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत कानूनी अधिकार की जानकारी दी गई .ताकि उनको दहेज संबंधी मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना उनके कानूनी अधिकार के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की भी जानकारी प्रदान की।पॉक्सो अधिनियम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के विषयों पर भी बलिकाओ को जानकारी देते हुए उन्हें गुड और बैड टच,यौन उत्पीड़न इत्यादि के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा बहेलिया एवं स्टाफ, महिला एवं बाल विकास विभाग से शोभा रानी बर्मन,ऋतु ठाकुर,श्वेता गोस्वामी, कलावती गौतम,शिवम मिश्रा,निखिल यादव मौजूद रहे।

### स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 28 अक्टूबर को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित यह मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें जिले, प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित निजी कंपनियां और संस्थान शामिल होकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक एवं अन्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले पात्र युवक-युवतियां अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और अप्रेंटिसशिप के माध्यम से कौशल विकास एवं कार्यानुभव प्रदान करने के प्रयास भी किए जाएंगे।

# बड़वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुसज्जित पंडालों में विराजी मां जगत जननी के विविध रूपों वाली प्रतिमाएं


दुर्गा मंदिर बड़वारा में स्थापित मां भगवती।


झंडा बाजार बड़वारा में विराजी आदिशक्ति।


आजाद चौक बड़वारा में विराजी जगतजननी।


सुभाष चौक में विराजी मां अम्बेरानी।


खेरमाता में स्थापित मां भगवती।


सराफा बाजार बड़वारा में बिराजी मां दुर्गा।


आसमानी मढ़िया भगनवारा।


मां आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति शांति नगर परसेल।


बड़वारा थाना परिसर में विराजी मां अष्टभुजी।


माँ भवानी दुर्गोत्सव समिति आदर्श मोहल्ला बड़वारा।


राधेलाल रजक निवास के सामने।


मिशिन चौक बड़वारा में विराजी आदिशक्ति।


देशहाई चौक बड़वारा में विराजी मां दुर्गा महाकाली।

## मातारानी की भक्ति में लीन भक्त, पंडालों एवं मंदिरों में जय जयकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

नवरात्र पर्व मंदिरों एवं पंडालो में जगत जननी मां जगदंबे की भक्ति आराधना में भक्त लीन नजर आ रहे हैं। मंदिरों एवं पंडालों में मां की जय जयकार सुनाई दे रही है। विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी चल रहा है। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और भक्तिभाव देखने को मिल रहा है। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन-कीर्तन और आरती का सिलसिला जारी है। माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है। नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। कई भक्त व्रत रखकर माता की उपासना कर रहे हैं, वहीं घरों में भी कलश स्थापना, दीप प्रज्वलन और दुर्गा पाठ के माध्यम से मां की आराधना की जा रही है। मंदिरों में सुबह और शाम होने वाली आरती में श्रद्धालु शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। भक्ति गीतों और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र का पर्व जीवन में श्रद्धा, शक्ति, सकारात्मकता और सदाचार का संदेश देता है।

मां दुर्गा की भक्ति में लीन श्रद्धालु जगत जननी से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना कर रहे हैं। आकर्षक पंडालों में मातारानी के विविध रूपों वाली प्रतिमाओं के दर्शनार्थ भी लोग पहुंच रहे हैं। मंदिरों में भजन कीर्तन एवं आरती में बड़ी संख्या में भक्त एवं श्रद्धालु पहुंचकर आशीर्वाद ले रहे हैं।


झंडा बाजार बड़वारा मढ़िया में स्थापित महाकाली।


उमंग नगर बड़वारा।


शिव मंदिर चौक लखाखेरा।


ग्राम पंचायत कछारी मझौली टोला ।


कछारी पँचायत लमकना टोला।


भुड़सा ग्राम में विराजी मां आदिशक्ति जगदम्बा।

## नारी शक्ति ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शक्ति से सृजन कार्यक्रम के तहत नवांकुर सखी प्रकृति- संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन नव अंकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा श्रद्धा, उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना तथा जल, माटी और वृक्षों के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवी गीतों एवं भजनों के भक्तिमय वातावरण में हुआ। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के अंतर्गत माटी पूजन, जल स्त्रोत पूजन एवं वृक्ष पूजन के माध्यम से प्रकृति के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी , परामर्शदाता रामानुज पांडेय, सेक्टर प्रभारी गनपत कोल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव दुर्गेश नामदेव तथा प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की छात्रा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति रजक की उपस्थिति रही। इसके साथ ही ग्राम की मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम मैं नव अंकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी ने उद्बोधन के माध्यम से यह प्रेरणादायी संदेश दिया कि नारी शक्ति केवल परिवार और समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण एवं सतत विकास की भी सशक्त वाहक है। जब महिलाएं जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लेती हैं, तब समाज में सकारात्मक बदलाव की नई राह खुलती है। अंत में सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

*प्रशासन ने 14 बिन्दुओं की जानकारी भू संसाधन प्रबंधन आयुक्त को भेजी*

## स्लीमनाबाद को हरिदासपुर के नाम से पहचान दिलाने की प्रक्रिया तेज, जिला प्रशासन ने शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले के स्लीमनाबाद को अब हरिदासपुर के नाम से नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। संत हरिदास जी महाराज की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध इस स्थान का नाम बदलने की मांग पर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार नाम परिवर्तन से संबंधित 14 बिंदुओं की जानकारी संकलित कर बुधवार को आयुक्त, भू-संसाधन प्रबंधन को भेज दी गई है। अब शासन स्तर पर प्रस्ताव की समीक्षा के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

स्लीमनाबाद का नाम हरिदासपुर करने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद की ग्राम सभा में पारित किया गया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों से आवश्यक जानकारी और प्रतिवेदन प्राप्त किए। इनमें एसडीएम बहोरीबंद, तहसीलदार स्लीमनाबाद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद, स्टेशन प्रबंधक स्लीमनाबाद तथा प्रवर अधीक्षक डाकघर, जबलपुर संभाग के प्रतिवेदन शामिल हैं। इन्हीं के आधार पर नाम परिवर्तन से संबंधित निर्धारित बिंदुओं की जानकारी तैयार कर शासन स्तर पर भेजी गई है।

### संत हरिदास महाराज की तपोभूमि से जुड़ी है आस्था

नाम परिवर्तन के पीछे स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक परंपरा को प्रमुख आधार माना गया है। स्लीमनाबाद संत हरिदास जी महाराज की तपोभूमि है।



संत के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था और श्रद्धा है। यहां उनके नाम से जुड़ा 'मंदिर बंगला' नामक पुराना स्थान भी स्थित है। स्थानीय लोगों की मान्यता और संत की स्मृतियों से जुड़ी पहचान को सम्मान देने के उद्देश्य से स्लीमनाबाद का नाम हरिदासपुर किए जाने का प्रस्ताव सामने आया है।

### ऐसे नाम पड़ा था स्लीमनाबाद

उपलब्ध ऐतिहासिक जानकारी के अनुसार, वर्ष 1843 में अंग्रेज कर्नल स्लीमन ने गोविन्द मालगुजार से 96 एकड़ भूमि लेकर यहां बस्ती बसाई थी। इसके बाद यह स्थान स्लीमनाबाद के नाम से प्रसिद्ध हुआ। राजस्व अभिलेखों में वर्ष 1909-10 से इस स्थान का नाम 'कोहका उर्फ स्लीमनाबाद' दर्ज होने का उल्लेख है। वहीं, वर्ष 1989-90 के बंदोबस्त के बाद स्लीमनाबाद नाम दर्ज होना बताया गया है।

### रेलवे स्टेशन और डाकघर का नाम भी बदलेगा

नाम परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी होने पर केवल ग्राम और तहसील का ही नाम नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशन 'स्लीमनाबाद रोड' और यहां के डाकघर का नाम भी बदला जायेगा।। रेलवे स्टेशन स्लीमनाबाद ग्राम से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित है। जिला प्रशासन द्वारा भेजी गई जानकारी के अनुसार, रेलवे और भारतीय डाक विभाग के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नाम परिवर्तन के लिए पहले ही सहमति प्रदान कर दी है।

## जगदीश धाम खिरहनी मे हो रहा रामलीला मंचन

## भगवान श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता ने पहनाई जयमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शक्ति की भक्ति के आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। शारदेय नवरात्र पर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे जगह -जगह रामलीला का मंचन हो रहा है। स्लीमनाबाद तहसील के जगदीश धाम खिरहनी में स्थानीय रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।बुधवार को रामलीला मंचन में श्रीराम -जानकी विवाह मंचन हुआ।राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए प्रण रखा कि जो भी शिव धनुष को भंग करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा। बड़े बड़े राजा-महाराजा जनकपुर आये हुए थे ।सभी राजाओं ने शिव धनुष को उठाने भरपूर जोर लगाए लेकिन उठना तो दूर शिव धनुष हिल तक नही पाया।तब राजा जनक को पश्चताप हुआ।तब विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम उठे व शिव धनुष को भंग कर दिया।शिव धनुष टूटते ही सभी राजा अचंभित रह गए।शिव धनुष टूटने के बाद सीता ने श्रीराम को जयमाला पहनाई।

### लक्ष्मण-परशुराम संवाद

शिव धनुष टूटने की ललकार सुनते ही परशुराम जनकपुर पहुँचे।जहां परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ।लक्ष्मण ओर परशुराम के बीच लंबे समय तक शब्दों की लड़ाई चलती रही।अंत मे भगवान श्रीराम आगे आये व कहा कि यह शिव धनुष मुनिराज हमने थोड़ा है जो दंड देना हो हमे दे ।अंत मे परशुराम ने भगवान श्रीराम को पहचान लिया व शीश झुकाया।फिर अवधपुरी विवाह का आमंत्रण भेजा गया।जहां अवधपुरी से बारात जनकपुर आई।जहां विधि विधान से श्रीराम जानकी विवाह संपन्न कराया। यह समारोह रात आठ बजे से बारह बजे तक चला। विवाह जिस तरह कराया गया लोगों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर कोई गीत मंगल गा रहा था तो कोई नृत्य कर रहा था, समारोह देखते ही बन रहा था। विवाह से पूर्व भगवान श्रीराम बाटिका में पुष्प तोडऩे जाते हैं, उसका वर्णन गीतों के माध्यम से किया गया। उसके बाद श्रीराम घोड़े पर सवार होकर आए और राजा जनक के दरवाजे पर उनकी अगवानी की गई। श्रीराम मंचासीन हुए। उसके माता जानकी को लाया गया। चारों तरफ से राम राजा व माता जानकी की जय जयकार गूंज रही थी, श्रद्धालु पुष्पा वर्षा कर रहे थे। मंत्रोच्चारण के साथ विवाह की पूरी रस्म कराई।

गुरुवार को ग्राम खिरहनी मैं श्रीराम बारात निकाली गई। ग्रामीणजन बाराती बने।गुरुवार को रामलीला मंचन मैं पाँव पखरी कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला-पुरुष व बच्चों ने भगवान श्रीराम व माता जानकी के पैर पखारे और भेंट प्रदान की।

## बेटियां दो परिवारों को बनाती है सुसंस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाकल में बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया।

पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने वाला समाज ही आगे बढ़ता है। बेटियां अपने जीवन में दो परिवारों को सुसंस्कृत, शिक्षित और समृद्ध बनाती है!धर्म ग्रन्थों में भी उल्लेख है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान सामाजिक दिशा देने वाला कार्यक्रम है। विकास और कल्याण के कार्यों में महिलाओं की जब तक बराबर की भागीदारी नहीं होगी, तब तक विकास की सम्पूर्णता हासिल नहीं की जा सकती। महिला जननी भी होती है, जो मनुष्य को जन्म देकर सृष्टि का निर्माण करती है। बेटियां दो कुलों और दो परिवारों को संस्कार देकर समृद्ध बनाती है। बेटियां घर और परिवार की शान और शोभा है!इसके साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का उद्देश्य है कि बालिकाओं को भी बालकों के समान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं विकास के समान अवसर उपलब्ध हों, समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो एवं बालिकाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता लायी जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि हमें बेटियों को भार नहीं मानना है क्योंकि आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति भी यही कहती है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता।कार्यक्रम के अंत मे कन्या पूजन कर कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती पटेल,मनीषा पटेल, चन्द्रलता ठाकुर एवं सहायिकाएं आदि की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### कुत्ते के काटने पर जुल्फकार अली भुट्टो का निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के पठानी मुहल्ला डॉ जाकिर हुसैन वार्ड 08 निवासी साबिर खान उर्फ सब्बन एवं सुलेमान खान उर्फ सिल्लू के सबसे छोटे भाई एवं सलमान खान उर्फ छिग्गें के पिता जुल्फकार अली भुट्टो का 52 वर्ष की आयु मे पागल कुत्ते के काटने के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनको स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। मैय्यत मे बडी तादाद में लोग शामिल रहे।

### शासकीय कन्या हाई स्कूल ककहरटी में लगी चौतन्य देवियों की झांकी

**पन्ना।** नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से चौतन्य देवियों की झांकी शासकीय कन्या हाई स्कूल ककहरटी बस स्टैंड के पास लगाई जा रही है, जिसमें माँ दुर्गा,माँ सरस्वती, माँ लक्ष्मी जी की चौतन्य देवियों के दर्शन कर अपना जीवन सफल बनाएं एवं इन देवियों से वरदान पाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें,, साथ में आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ उठाएं।

### 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा दशहरा चल समारोह

**दमोह।** कर्मकांड परिषद दमोह की बैठक मांगज बार्ड नं.4 के मुस्की बाबा मंदिर में दोपहर 02 संपन्न हुई जिसमें जिलाध्यक्ष पं.हरिशंकर पाण्डेय ने बताया कि 18अक्टूबर 2026 रविवार को श्री रामदल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 19 अक्टूबर 2026 सोमवार को जवारे विसर्जन एवं रावण दहन तहसील ग्राउंड में होगा एवं 20 अक्टूबर 2026 को दशहरा चल समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सचिव कर्मकांड परिषद पं.राहुल शास्त्री, कृष्ण कुमार गर्ग, पवन गर्ग,पंकज शास्त्री, देवेंद्र चौबे,अखिलेश चौबे, शीलू महराज,नरेंद्र तिवारी,विक्की पाण्डेय आदि की बैठक उपस्थिति रही।

# गरबा महोत्सव में भक्ति और संस्कृति का संगम, पारंपरिक नृत्य से सजा मां का दरबार

### उपकाशी गरबा महोत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

**शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान उपकाशी हटा नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। एक ओर श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लीन हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक गरबा उत्सव की धूम भी देखने को मिल रही है। डांडिया की खनकती ताल, पारंपरिक परिधानों की छटा और मां दुर्गा की आराधना के बीच नवरात्रि की पंचमी को गरबा महोत्सव समिति हटा 2026 की पहली शाम यादगार बन गई। गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में दद्दा कला मंच परिसर में उपकाशी गरबा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित गरबा उत्सव विधायक उमादेवी खटीक की मौजूदगी ने आकर्षण बढ़ाया।**





संगीत की लय पर पूरा माहौल उत्सवमय हो उठा। बालिकाओं से लेकर युवतियों और महिलाओं ने एक साथ थिरककर परंपरा और मनोरंजन का खूबसूरत संगम रचा। पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक गरबा प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की गई। गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु पहुंचे। उपकाशी गरबा महोत्सव की ओर से आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश मां सरस्वती का पूजन कर भारत माता की आरती के साथ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल जी मंदिर के महंत श्यामदास जी महाराज, बालाजी मंदिर के महंत हरिराम दास जी, डॉ श्याम सुंदर दुबे, गढ़ाकोटा की भाजपा युवा नेता पंडित अभिषेक भार्गव एवं कार्यक्रम की संरक्षक विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, आयुष खटीक प्रिंस दीप खटीक सहित नगर के गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम भारत माता की आरती उपरांत गरबा संगीत की धुनें गूंजते ही मैदान में मौजूद प्रतिभागियों ने डांडिया की ताल पर कदम मिलाए। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं बालिकाएं गोल घेरे में नृत्य करती नजर आई। आयोजन का पारिवारिक स्वरूप इसकी खास पहचान रहा। संगीत, रोशनी और रंगों के बीच देर तक गरबा का उत्साह बना रहा।

### पारंपरिक परिधान और श्रृंगार से बिखेरा जलवा

पहले दिन पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के साथ गरबा महोत्सव का भव्य आगाज किया गया। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गरबा महोत्सव में सभी प्रतिभागी आनंद, शांति और भक्तिमय माहौल में अपने परिवार जनों के साथ आनंद लेने पहुंचे। गरबा में भाग लेने पहुंचे प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक परिधान के साथ श्रृंगार का अनोखा मिश्रण देखने को मिला। प्रतिभागी महिलाएं ने चनिया-चोली में सज संवर कर डांडिया खेलते हुए जलवा बिखेरा। युवतियों में गरबा महोत्सव को लेकर क्रेज देखने को मिला।

### पुलिस की नजर

गरबा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी पुलिस टीम के साथ व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए हैं, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकें। यह महोत्सव नगर की धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक एकता को मजबूत कर रहा है। मां आदिशक्ति के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ गरबा उत्सव में लोगों की सहभागिता नवरात्रि के उल्लास को और बढ़ा रही है।

# लीनेस क्लब दमोह का गरबा महोत्सव बना यादगार



**दमोह।** लायनेस क्लब दमोह द्वारा राधिका पैलेस में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। पारंपरिक गुजराती परिधानों, आकर्षक आभूषणों और गरबा की मनमोहक धुनों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ गरबा प्रस्तुत कर सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक दिखाई। आपसी मेल-मिलाप, हँसी-खुशी और उत्साह से भरा यह आयोजन सभी के लिए यादगार रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूजा मलैया, अध्यक्ष जिला पंचायत रंजीता पटेल,जनपद सदस्य संगीता श्रीधर विशेष तौर पर मौजूद रहीं। बकार्यक्रम की व्यवस्थाओं में प्रदेश डायरेक्टर रोजी बग्गा का विशेष मार्गदर्शन रहा, वहीं अध्यक्ष रजनी खरे के सहयोग से आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स एकता जुनेजा, उमा जड़िया, वंदना सोनी एवं पिंकी जुनेजा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रदेश डायरेक्टर रोजी बग्गा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आपसी एकता को मजबूत करने का अवसर देते हैं। अध्यक्ष रजनी खरे ने सभी सदस्यों के सहयोग एवं उत्साह की सराहना की। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता जुनेजा ने गरबा को संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का सुंदर माध्यम बताया। उमा जड़िया ने सदस्यों के उत्साह को कार्यक्रम की विशेषता कहा। वंदना सोनी ने सामूहिक सहभागिता को आयोजन की सफलता का आधार बताया, वहीं पिंकी जुनेजा ने सभी के सहयोग और उमंग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने मनोरंजन के साथ महिला एकता, सांस्कृतिक जुड़ाव और आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश दिया सचिव ज्योति चिले कोषाध्यक्ष माया यादव मौजूद रहीं।

# सफाई ठेका कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही करने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** दमोह जिले मे विगत कुछ समय से सोशल मीडिया के माध्यम से जिला चिकित्सालय दमोह में इलाज कराने आई महिला से सफाई कराये जाने का वीडियो प्रकाश में आया है जिस पर जांच एवं कार्यवाही की आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया। परन्तु उस मामले में आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, पुनः एक वीडियो संज्ञा मे आया है जिसमें मरीजों के परिजन से सफाई कराई जा रही है जो कि जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्थाओं की लापरवाही को उजागर करता है जो कि घोर निंदनीय है। यह कि जिला चिकित्सालय में लाखों रूपये प्रति माह सफाई व्यवस्था पर खर्च किये जाते है एवं ऐसी चर्चा है कि जिस कंपनी/संस्था के पास सफाई का कार्य है उसके पास आवश्यक वैधानिक दस्तावेजो की कमी होने के बाद भी उसे कार्य दिया गया है, उस ओर से भाजपा के जिला पदाधिकारियों द्वारा सफाई कार्य की देखरेख की जा रही है कार्यरत सफाई कर्मियो का वेतन भी नियमित रूप से नहीं दिया जाता है तथा ठेके से संचालक की शर्तो का पालन नहीं किया जा रहा है। उक्त सारो सारे तथ्य कई बार मीडिया के माध्यम प्रकाश में आये है परन्तु कोई कार्यवाही नही होने से इलाज हेतु आने वाले मरीजो एवं परिजनों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में जिला महासचिव नितिन मिश्रा, मनु मिश्रा ,रजनी ठाकुर, लालचंद राय, दृगपाल सिंह, अमर सिंह, वीरेंद्र ठाकुर, रोहन पाठक, अजय जाटव, के के अग्रवाल ,गौरव राय, धर्मेंद्र राय, डी पी पटेल, मिक्की चंदेल, मदन सुमन पप्पू कसौटियां, खिल्लू ठाकुर, रवि अहिरवार, ए के चिश्ती, उबैद गौरी, दिनेश रैकवार, अमित नामदेव, नीलेश यादव, वकील कुरैशी, धर्मेंद्र राय सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# चंडी जी मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन



**हटा।** नवरात्रि के पावन पर्व पर उपकाशी हटा नगर में प्राचीन मां चंडी जी मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरतियों का आयोजन किया जा रहा है। माता रानी के दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ कन्या पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन निर्धारित समय पर मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन सुबह भोग आरती के बाद देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन प्रसादी ग्रहण कराई जाती है। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

# कानड़ा लोकगायन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा संचालित गुरु-शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत ग्राम बासाकलां में कानड़ा लोकगायन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जो कि 15 अक्टूबर 2026 से 15 मार्च 2027 तक आयोजित किया जाएगा। वार्ड 06 में चौधरी वेयर हाउस के सामने स्थित प्रशिक्षण स्थल पर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति, बांसा कलां के संरक्षक बुंदेली लोकगीत गायक एवं प्रशिक्षक घूमन प्रसाद कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक हरीश पांडे ने कहा कि लोककला और पारंपरिक सांस्कृतिक विधाएं हमारी पहचान और विरासत हैं। गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से नई पीढ़ी को इन कलाओं से जोड़ना



तथा पारंपरिक गायन शैलियों को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण कार्य है। इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षक घूमन प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि इस प्रशिक्षण योजना का मुख्य उद्देश्य देश की प्राचीन शास्त्रीय, लोक एवं आदिवासी कलाओं तथा संगीत और नृत्य परंपराओं को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करना है। बुंदेलखंड की पारंपरिक लोकगायन विधा कानड़ा लोकगायन धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ रही है। ऐसी महत्वपूर्ण लोककला को जीवित रखने, नई पीढ़ी तक पहुंचाने और गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से इसका ज्ञान हस्तांतरित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिष्यों को कानड़ा लोकगायन की पारंपरिक शैली, गायन की बारीकियों और सांस्कृतिक विशेषताओं का अभ्यास कराया जाएगा। प्रशिक्षण से क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों को पारंपरिक लोकगायन सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच,सचिव के साथ शिष्य अंकिता पटेल, आंशिक पटेल, लक्ष्मी पटेल, हेमलता पटेल तथा संगीतकार पारो, घनश्याम पटेल, बसंत पटेल, हाकम अहिरवार, सेवक प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 551 मीटर चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

### ज्वाला देवी मंदिर से बड़ी खेरमाई मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य चुनरी यात्रा



**तेंदूखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर में मां की भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति विद्यानगर के तत्वावधान में गुरुवार पंचमी की शाम 4 बजे ज्वाला देवी मंदिर से नगर की आराध्य सेठानी मां की भव्य चुनरी यात्रा बड़ी खेरमाई मंदिर तक 551 मीटर लंबी निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-धमाकों, गाजे-बाजे, आतिशबाजी और मां के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। चुनरी यात्रा में श्रद्धालु 551 मीटर लंबी चुनरी लेकर उत्साह और श्रद्धा के साथ आगे बढ़े। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान "जय माता दी" और "मां बड़ी खेरमाई की जय" के जयघोष से नगर का वातावरण गूंजता रहा।

चुनरी यात्रा की शुरुआत वर्ष 2023 में 151 मीटर की चुनरी के साथ हुई थी। श्रद्धालुओं की आस्था, सहयोग और उत्साह के चलते यह यात्रा लगातार भव्य स्वरूप लेती गई। गुरुवार को 551 मीटर की चुनरी के साथ आयोजित यात्रा श्रद्धा, एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी। ज्वाला देवी मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड ,तहसील कार्यालय से होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से चुनरी मां को अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजन में दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दुर्गा विश्वकर्मा, सचिव सुधीर पटैरिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बागवार (भूरा) तथा संरक्षक सुशील पटैल, रघुवीर सिंह ठाकुर और अनुराग खरे सहित

इसके अलावा समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जे पी खरे, रामनाथ नेमा, ओमकार मिश्रा, अशोक दुबे, मुन्नालाल तिवारी, गिरवर सिंह, गोविंद सिंह, अशोक पटेल, गुड्डा विश्वकर्मा, आशीष साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, हरि साहू, सुशील पायरिया, मनीष साहू, गुलाब साहू, गणेश राय, कुलदीप उपाध्याय, सौरभ यादव, दस्सू रजक, विक्रम ठाकुर, राहुल विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, महेश सेन, चिंटू ठाकुर, डीके सेन, रोहित धुर्वे और ओम राय सहित अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य सुरेश कृष्ण शास्त्री , वृंदावन धाम का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

# मॉडल स्कूल तक 1300 मीटर लंबी सड़क का होगा चौड़ीकरण, 6 मीटर चौड़ी डामरीकृत सड़क बनेगी

**तेंदूखेड़ा।** नगर में सड़क आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से मुख्य मार्ग दमोह-जबलपुर मार्ग से जो लिंक रोड ईमलीडोल जाती है उसमें बने मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल तक लगभग 1300 मीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इस मार्ग पर 6 मीटर चौड़ी डामरीकृत सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में लगभग 12 फीट पर डामल है सड़क निर्माण कार्य को लेकर पंचमी के दिन इंजीनियर द्वारा सड़क का लेआउट तैयार कर चूने से चिन्हांकन किया गया। इस दौरान उपयंत्री उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मुख्य सड़क से मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल तक मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है। इसके लिए सड़क की निर्धारित सीमा का चिन्हांकन किया जा रहा है, ताकि निर्माण कार्य व्यवस्थित तरीके से कराया जा सके। उपयंत्री भूपेंद्र सिंह के अनुसार, मार्ग में जिन लोगों के मकान या जमीन अतिक्रमण की सीमा में आ रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी किए जा चुके हैं। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किए जाने की संभावना है। सड़क चौड़ीकरण होने से स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नगरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। साथ ही मुख्य मार्ग से मॉडल स्कूल तक यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को आवागमन के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकेगी।

### चीतों की निगरानी जारी, निर्धारित बाड़े में ही हो रही देखरेख

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पिछले सप्ताह 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निर्धारित बाड़े में छोड़े गए चीता जोड़े की निगरानी और देखरेख लगातार जारी है। फिलहाल दोनों चीते खुले जंगल में नहीं छोड़े गए हैं और बाड़े में ही वन विभाग की निगरानी में हैं। नर चीते का नाम व्योम और मादा चीते का नाम मीरा रखा गया है। बाड़े में छोड़े जाने के बाद दोनों चीतों को नए वातावरण के अनुकूल होने का समय दिया जा रहा है। वन विभाग की टीम द्वारा उनकी गतिविधियों, स्वास्थ्य, खान-पान और व्यवहार पर लगातार नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा चीतों की स्थिति का नियमित आकलन किया जा रहा है। इसके आधार पर ही आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। वन विभाग द्वारा चीतों को तत्काल खुले जंगल में छोड़ने के बजाय चरणबद्ध तरीके से उनके अनुकूलन पर ध्यान दिया जा रहा है। बाड़े में उनकी गतिविधियों और स्वास्थ्य संबंधी स्थिति को देखते हुए भविष्य में उन्हें बड़े क्षेत्र में छोड़ने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल दोनों चीते निर्धारित बाड़े में सुरक्षित हैं और उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। चीतों के आने से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण को लेकर नई उम्मीद जगी है।

### नवांकुर सखी शक्ती से सृजन कार्यक्रम एवं प्रकृति-संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम



**झलौन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड तेंदूखेड़ा के तत्वावधान में 'शक्ति से सृजन' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम सासन कला में नवांकुर संस्था मोहित पटेल एजुकेशन सोसाइटी एवं प्रस्फुटन समिति के सहयोग से बरगद एवं पीपल वृक्ष पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय ने उपस्थित जनों को शक्ति से सृजन अभियान, प्रकृति एवं संस्कृति संरक्षण तथा वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों की भूमिका और भारतीय संस्कृति में बरगद एवं पीपल के धार्मिक एवं प्राकृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोहित पटेल नवाकुर संस्था अध्यक्ष परसराम पटेल, धर्मेंद्र लोधी, अशोक पटेल, मोहित पटेल, सुनील पटेल, मनोज सेन, महेश पटेल, सुरेंद्र लोधी एवं रामकुमार सहित ग्रामीणजन, महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष परसराम पटेल द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। प्रकृति एवं संस्कृति का संरक्षण करना, वृक्षों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना।

# स्मार्ट मीटर बाईपास करने पर होगी कार्रवाई, पांच उपभोक्ताओं पर केस दर्ज

### फुटेरा कला के नामदेव मोहल्ला में बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण



**फुटेरा कला।** ग्राम फुटेरा कला के वार्ड क्रमांक 5 स्थित नामदेव मोहल्ला में स्मार्ट मीटर को बाईपास कर बिजली उपयोग करने के मामले में विद्युत विभाग ने पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। विद्युत मंडल बटियागढ़ और पथरिया की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर यह कार्रवाई की। विभाग ने चेतावनी दी है कि स्मार्ट मीटर या विद्युत कनेक्शन से छेड़छाड़ करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान पांच उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर को बाईपास करने से संबंधित अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद विभाग ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान उपभोक्ता शांति पटेल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनका परिवार गरीब है और घर में पहले से ही बिजली की डोरी लगी हुई थी। उन्होंने अलग से डोरी डालने से इनकार करते हुए माफीनामा देने की बात कही। कनिष्ठ यंत्री संदीप पटेल ने बताया कि बिजली चोरी और मीटर से छेड़छाड़ के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से विद्युत कनेक्शन का वैध उपयोग करने और मीटर में किसी भी प्रकार की अनधिकृत छेड़छाड़ से बचने की अपील की। विभाग ने कहा कि पुरानी वायरिंग या कनेक्शन से संबंधित समस्या होने पर स्वयं बदलाव करने के बजाय विभाग को सूचना देकर समाधान कराएं।

# झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों पर प्रशासन की छापामार कार्रवाई




**जबेरा।** स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत अवैध रूप से संचालित हो रहे झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों पर प्रशासन ने बड़ी छापामार कार्रवाई की है। कलेक्टर प्रताप नारायण एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में गठित विशेष टीम जब औचक निरीक्षण के लिए पहुंची, तो झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान चार क्लीनिक संचालक अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। वहीं, नोहटा क्षेत्र में एक क्लीनिक खुला पाया गया, जहां से टीम ने कुछ दवाइयां जब्त की हैं। इन सभी स्थानों पर वैधानिक पंचनामा तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। बीएमओ डॉक्टर राहुल जैन के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग की टीम मुस्तैद रही। निरीक्षण के समय तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, नायब तहसीलदार राजेश कुमार साहू, डॉक्टर अभिषेक मोदी, डॉ. हीरालाल, लोकेश तिवारी और अंशु गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप का माहौल है।

शारदेय नवरात्रि : षष्टम दिवस

## यज्ञ के प्रमोष में समाहित ज्ञान शक्ति ही कात्यायनी : श्री भगवान

माँ कात्यायनी साधना, सद्प्रेरणा और धर्माधारित कर्म की अधिष्ठात्री हैं। नवरात्रि के छठवें दिन पूजित देवी का यह स्वरूप शक्ति के साथ विवेक, न्याय और सदाचार की प्रतिष्ठा का संदेश देता है। उनकी आराधना साधक को आत्मबोध, अंतःकरण की शुद्धि और लोककल्याण की दिशा में प्रेरित करती है।महंत श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के अनुसार, कर्म को केवल भोग का कारण न मानकर आत्मपरिष्कार का माध्यम समझना चाहिए। सद्कर्म, तपस्या और धर्म के प्रति समर्पण से ही व्यक्ति जीवन के द्वंद्वों से ऊपर उठकर आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ सकता है। ऋषि कात्यायन की तपस्या और उनके कुल में भगवती के प्राकट्य की परंपरा से देवी का नाम कात्यायनी प्रसिद्ध हुआ।महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में चित्त को निर्मल और प्रसन्न रखने के लिए मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा के भावों का महत्त्व बताया है। सुखी व्यक्तियों के प्रति मैत्री, दुखियों के प्रति करुणा, पुण्यात्माओं के प्रति प्रसन्नता और अनुचित आचरण करने वालों के प्रति उपेक्षा का भाव मन को संतुलित रखता है। यह सिद्धांत जीवन में भावनात्मक परिष्कार और आत्मानुशासन की प्रेरणा देता है।श्री भगवान वेदांताचार्य कहते हैं कि माँ कात्यायनी की उपासना केवल शक्ति की आराधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धर्म, न्याय, विवेक और सद्प्रवृत्तियों को जीवन में अपनाने का संदेश भी देती है। शास्त्रीय मर्यादा और दैवी कृपा का समन्वय साधना को जीवनोपयोगी ज्ञान में परिवर्तित करता है।भारतीय ज्ञान परंपरा के छह दर्शनों—सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा और वेदांत—में प्रकृति-पुरुष के विवेचन से लेकर चित्तवृत्तियों के निरोध, पदार्थों के विश्लेषण, वैदिक कर्म और ब्रह्मविद्या तक का विस्तृत चिंतन समाहित है। महर्षि कपिल, पतंजलि, गौतम, कणाद, जैमिनि और बादरायण जैसे आचार्यों ने इन परंपराओं को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया।श्री भगवान वेदांताचार्य के अनुसार, शक्ति का वास्तविक उद्देश्य केवल बाहरी विजय नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और धर्म के माध्यम से अंतःकरण का परिष्कार भी है। यज्ञ के माध्यम से ज्ञान का पोषण, साधना से चेतना का विकास और सदाचार से समाज का उन्नयन वैदिक जीवनदृष्टि के अभिन्न अंग हैं।नवरात्रि में चौंसठ योगिनियों की परंपरा भी शक्ति-उपासना की व्यापकता को दर्शाती है। साधना तभी सार्थक होती है, जब ज्ञान आचरण में उतरे और लोककल्याण का माध्यम बने। गुरु-परंपरा एवं वैदिक विरासत का सम्मान, कर्तव्यों का निर्वहन और आत्मानुशासन ही श्रेष्ठ समाज के निर्माण का आधार हैं।माँ कात्यायनी की आराधना का संदेश है कि शक्ति विवेक से प्रेरित हो, ज्ञान आचरण में उतरे और साधना समस्त सृष्टि के कल्याण का माध्यम बने।



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

7-8 नकाबपोश बदमाशों ने छत के रास्ते घर में किया प्रवेश, सरपंच ने 20 लाख के जेवरात और 1.10 लाख नकदी ले जाने का दावा

# बदमाशों ने महिला सरपंच और पति को बंधक बनाकर की लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र की बनवार चौकी अंतर्गत ग्राम पट्टी नंदलाल में बुधवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने महिला सरपंच और उनके पति को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। महिला सरपंच ने लूटे गए जेवरात की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।





### छत के रास्ते घुसे बदमाश, दंपती को बनाया बंधक

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत लरगुवा की सरपंच प्रेमरानी अहिरवार अपने पति नोनेलाल अहिरवार के साथ पट्टी नंदलाल स्थित घर में सो रही थीं। बुधवार रात करीब 11:45 बजे से 12 बजे के बीच 7-8 नकाबपोश बदमाश मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने गेंती से दरवाजे तोड़कर घर में प्रवेश किया। आहट से महिला सरपंच की नींद खुली तो उन्होंने पति को आवाज लगाई। इसके बाद बदमाशों ने दोनों को काबू में कर बंधक बना लिया। फिर घर में रखी पेटियों के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात निकाल लिए। वारदात के बाद बदमाश घर का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गए।

### एक लाख नकदी सहित जेवरात ले जाने का दावा

महिला सरपंच के मुताबिक, बदमाश घर में रखे एक लाख रुपये और उनके पति के 10 हजार रुपये नकद ले गए। इसके अलावा चांदी के डोरे, लच्छे, पायल, पांचाली, मंगलसूत्र सहित अन्य सोने-चांदी के जेवरात भी ले गए। उन्होंने जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई है। बदमाशों के जाने के बाद दंपती ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी गई। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि बदमाशों को घर में रखे जेवरात की जानकारी हो सकती थी। हालांकि, किसी परिचित की भूमिका की पुष्टि नहीं हुई है।

### शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

गुरुवार दोपहर महिला सरपंच अपने पति और ग्रामीणों के साथ बनवार पुलिस चौकी पहुंचीं। शिकायत मिलने के बाद चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पहचान करने के लिए जानकारी जुटा रही है।

तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि पुलिस को सरपंच के घर हुई लूट की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### दस दिन पहले हरदुआ सड़क में टूटे थे सात घरों के ताले

नोहटा थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी है। करीब दस दिन पहले, 5 अक्टूबर की रात हरदुआ सड़क गांव में चोरों ने सात घरों के ताले तोड़े थे। इनमें दो घरों से लाखों रुपये की चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन मामलों में आरोपियों का सुराग मिलने की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### पांच महीने पहले बनवार में हुई थी बड़ी चोरी

इससे पहले 24-25 जून की दरमियानी रात बनवार में सरस्वती स्कूल के पास राजेश सिंह लोधी के घर चोरी हुई थी। उस घटना में चोर सीढ़ी के सहारे मकान में पहुंचे और लोहे की खिड़की काटकर अंदर दाखिल हुए थे। अलमारी से करीब 1.90 लाख रुपये नकद और लगभग 10 तोला सोने के जेवरात चोरी होने की बात सामने आई थी। बाद में पीड़ित को चोरी गए सामान के खाली बॉक्स घटेरा रेलवे स्टेशन के पास जंगल में मिले थे।

लगातार सामने आ रही चोरी और लूट की घटनाओं से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पुलिस जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए सामान की बरामदगी करेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## अज्ञात कारणों के चलते नाबालिग युवती ने लगाई फांसी

**तारादेही।** गुरुवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पौड़ी में एक नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना की सूचना मिलते तारादेही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए तेन्दूखेड़ा लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दिव्या पिता नवल सिंह लोधी उम्र 17 ने अज्ञात कारण के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर जान आत्महत्या कर ली। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची बताया गया है युवती ने उस समय यह कदम उठाया है जब परिवार के लोग खेत पर थे और धान की कटाई का कार्य चल रहा था। परिवार को घटना की सूचना उस समय लगी जब युवती के पिता घर खाना खाने घर पहुंचे तो दरवाजे बंद मिले जब दिव्या को आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला था। घर के ऊपर बने कमरे में युवती फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया है जहां आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा उत्सव



**हिंडोरिया।** समीपस्थ ग्राम बिलाई में दुर्गा उत्सव का महापर्व धूम धाम से मनाया जा रहा है। गांव में तीन जगहों पर देवी पंडालों में माता रानी की प्रतिमाओं की स्थापना की हैं सभी जगह पर सुन्दर और आकर्षक झांकियां सजाई गई है।बाजार दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा इस वर्ष नवरात्रि में मां दुर्गा की अलौकिक प्रतिमा स्थापित की गई। देवी मां के भव्य दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।सुबह से लेकर देर रात्रि तक पूरा पंडाल माता के जय जयकारों से गूंज रहा है। समिति के पदाधिकारी लक्ष्मी राय, गोलू राय, कमलेश,हेमंत पटेल, गोकुल रजक आदि ने बताया की प्रतिमा की भव्यता देखने के लिए गांव के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। श्रद्धालियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समिति द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।शाम को होने वाली विशेष महा आरती में सैकड़ो श्रद्धालु सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। पर्व मे एएसआई मलखान सिंह के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद देखी जा रही है।

## ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने दिल्ली राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी से की मुलाकात



**गैसाबाद।** दिल्ली भाजपा कार्यालय के प्रभारी राज्यसभा सांसद, एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भाई तरुण चुंग से, दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यालय में पहुंच कर भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष गोपाल पटेल ने शिष्टाचार भेंट कर संगठन के विषय पर चर्चा की ग्रामीण क्षेत्र के एक छोटे कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी से मुलाकात कर चर्चा करने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया द्वारा मंडल अध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## ससुराल आए युवक का खर्रा घाट में मिला शव



**दमोह।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के हिनौती गांव के पास खर्रा घाट में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बहोरीबंद निवासी नरेंद्र बर्मन (30) के रूप में हुई है। उसकी शादी हिनौती में हुई थी और वह सोमवार को अपनी ससुराल आया था। परिजनों के अनुसार, युवक के बच्चे की तबीयत खराब थी, जिसका इलाज कराने के बाद वह अगले दिन वहां से निकल गया था। घटनास्थल पर मोटरसाइकिल, पानी की बोतल और हाथ में घड़ी मिलने की जानकारी सामने आई है। शव की स्थिति भी काफी खराब थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बृजेश पांडे पुलिस बल और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की और जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वृद्ध महिला का शव मिला, हत्या की आशंका

**दमोह।** नोहटा थाना क्षेत्र के बिसनाखेड़ी गांव में एक वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया धारदार हथियार से गला काटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल सहित एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम देर रात घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव को रात में ही जिला अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। हत्या के कारणों और आरोपियों के संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## पंजीयक कार्यालय में अनियमितताओं की शिकायत पर कलेक्टर का औचक निरीक्षण, रजिस्टर जब्त

### संपदा 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद अलग से की जा रही थी टोकन एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आम नागरिकों एवं भूमि स्वामियों से रजिस्ट्री प्रक्रिया में अनावश्यक शुल्क वसूली, भूमि के हस्तांतरण में अनियमितताओं तथा शासन को राजस्व हानि पहुंचाने संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित पंजीयक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक अलग रजिस्टर में टोकन संबंधी प्रविष्टियां किए जाने का मामला सामने आया। कलेक्टर के निर्देश पर उक्त रजिस्टर जब्त करा दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि आमजनों से कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इनमें भूमि स्वामी के नाम के आगे 'उर्फ' लगाकर अथवा मिलते-जुलते नामों और दस्तावेजों का उपयोग कर दूसरे व्यक्ति की जमीन विक्रय कराने जैसी आशंकाएं शामिल हैं। इस प्रकार की अनियमितताओं से वास्तविक भूमि स्वामी के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा भूमि के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों की जांच और पंजीयन प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा नजूल भूमि एवं पट्टे की भूमि के हस्तांतरण में आवश्यक अनुमति के बिना विक्रय किए जाने की शिकायतें भी सामने आई थीं। इसके अतिरिक्त, कॉलोनियों में निर्मित मकानों का पंजीयन मकान के बजाय केवल भूखंड के रूप में दर्शाए जाने की शिकायतें मिली थीं। इससे शासन को स्टाम्प ड्यूटी सहित अन्य राजस्व की हानि होने की आशंका रहती है।



### ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद अलग रजिस्टर में हो रही थी एंट्री

श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान पाया कि शासन द्वारा संपदा 2.0 पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था लागू की गई है। इसमें टोकन बुकिंग एवं जनरेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है और संबंधित व्यक्ति को संदेश भी प्राप्त होता है। इसके बावजूद कार्यालय परिसर में अलग से रजिस्टर रखकर टोकन देने के नाम पर प्रविष्टियां की जा रही थीं। कलेक्टर ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए रजिस्टर जब्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चेंबर में टेबल पर रखी राशि के संबंध में भी पूछताछ की गई। संबंधित युवक ने राशि को सर्विस प्रोवाइडर की बताया, जबकि सर्विस प्रोवाइडर ने कहा कि वह राशि किसी को देने के लिए लाया था। राशि के वास्तविक स्रोत और उद्देश्य की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में पुलिस जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने की अनुमति नहीं

कलेक्टर श्री यादव ने कहा शासन की मंशा पंजीयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुविधाजनक और फेसलेस बनाना है, ताकि आम नागरिकों एवं किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। रजिस्ट्री के दौरान पोर्टल पर निर्धारित स्टाम्प ड्यूटी, पंचायत उपकर और नगरीय क्षेत्र से संबंधित उपकर सहित अन्य देय राशि नियमानुसार ही ली जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त दस्तावेज लेखन एवं अन्य सेवाओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि नहीं ली जानी चाहिए।

उन्होंने कहा आम नागरिकों को निर्धारित शुल्क की स्पष्ट जानकारी देने के लिए संबंधित कार्यालयों एवं सर्विस प्रोवाइडरों के यहां सूचना बोर्ड लगवाए जाएंगे। इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों की बैठक भी ली जाएगी, ताकि पूरे जिले में पंजीयन व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा सके। कलेक्टर ने कहा कार्यालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से बैठकर रजिस्टर संचालित करने अथवा आम नागरिकों से अनुचित अपेक्षा रखने जैसी गतिविधियों को रोकना संबंधित कार्यालय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा संबंधित युवक के अनुसार वह पिछले सात दिनों से ही वहां बैठ रहा था। उसे किस परिस्थिति में बैठाया गया और इस पूरे मामले में किसकी क्या भूमिका रही, इसकी जांच की जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील कि रजिस्ट्री के लिए केवल शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का ही भुगतान करें। यदि कोई व्यक्ति निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त राशि की मांग करता है या अनावश्यक परेशानी उत्पन्न करता है, तो इसकी शिकायत संबंधित कार्यालय में करें, ताकि ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके और नागरिकों को पारदर्शी एवं विधिसम्मत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### शराब के नशे में बस चलाते पकड़ा चालक, बस जब्त, बिना परमिट चल रहीं दो यात्री बसों पर भी कार्रवाई

**दमोह।** सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने यात्री बसों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन और यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान शराब के नशे में बस चलाते पाए जाने पर एक बस जब्त की गई, जबकि बिना परमिट संचालित दो बसों से 20 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। जांच अभियान के दौरान बसों के बीमा, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर से चालकों की जांच भी की गई। यातायात पुलिस के अनुसार, बस क्रमांक **MP** 49 **P** 0289 का चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाया गया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने बस जब्त कर ली। मामले को वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जांच के दौरान बस क्रमांक **MP** 20 **PA** 1432 और **MP** 20 **XG** 6702 के पास वैध परमिट नहीं मिला। इस पर दोनों बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपये, कुल 20 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

## गोंडवाना समग्र क्रांति आंदोलन की पंचम मां नर्मदा दर्शन पदयात्रा कटाव धाम से रवाना



**सिंग्रामपुर।** गोंडवाना समग्र क्रांति आंदोलन के संकल्प के तहत पंचम मां नर्मदा दर्शन पदयात्रा का शुभारंभ कटाव धाम से किया गया। तीन दिवसीय इस पदयात्रा में धर्माचार्य गुरु रघुवीर शाह मरावी, चौरई ठाना आनंद पंडा एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय सिंह कड़ोपा ने अगुवाई की। पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह मरावी, मंत्री के प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह लोधी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय, भानू सिंह मालगुजार, कैलाश सिंह टेकाम एवं जिला महामंत्री अजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष दमोह डॉक्टर प्रताप सिंह तेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। मां नर्मदा दर्शन के संकल्प के साथ आयोजित इस तीन दिवसीय पदयात्रा में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया गया। कटाव धाम से प्रारंभ हुई इस यात्रा में शामिल लोगों ने मां नर्मदा के दर्शन एवं धार्मिक संकल्प की भावना के साथ सहभागिता की। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में जिला के दो माडल चयनित



**हिण्डोरिया।** 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक भारत मंडपम नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्पांसर अवार्ड प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमे विभिन्न प्रदेशों एवं केंद्र शासित राज्यों से 790 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी के दौरान चयनकर्ताओं व्दारा श्रेष्ठ 60 मॉडल चयनित किए गये। उक्त प्रदर्शनी मे मध्य प्रदेश से कुल चार मॉडल चयनित हुये। इनमें से दमोह जिले के दोनों प्रतिभागियों के माडल को अंतिम 60 में जगह प्राप्त हुई। यह स्कूली बच्चों के माडलों का चयन सम्पूर्ण जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। दमोह जिला के भुवनेश्वरी चक्रवर्ती शासकीय सरदार पटेल शाला दमोह एवं राजा प्रजापति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोजना के विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। मार्गदर्शी के रूप मे शिक्षक बहादुर सिंह ठाकुर,सुलक्षणा हजारी एवं शिक्षक सूर्यकांत कोरी के कुशल मार्गदर्शन मे विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की। मध्य प्रदेश के चयनित चारों मध्यप्रदेश के चयनित चारों प्रतिभागी जबलपुर जोन के हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया एवं जबलपुर जोन के दल प्रभारी मोहन राय ने सभी विद्यार्थियों उनके मार्गदर्शी शिक्षकों एवं विद्यालय प्राचार्य को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। एवं बधाई दी।

### धार्मिक स्थलों का होगा विद्युत सुरक्षा निरीक्षण

**दमोह।** विगत वर्ष जबलपुर जिले में दुर्गा पंडाल में अवैध विद्युत कनेक्शन एवं असुरक्षित वायरिंग के कारण हुई दुखद विद्युत दुर्घटना में मासूम बच्चों की मृत्यु की घटना को देखते हुए जिले में विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के सभी दुर्गा पंडालों, देवीजी मंदिरों तथा अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विद्युत सुरक्षा निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जांच टीम गठित कर तत्काल निरीक्षण करने तथा जांच के उपरांत सुरक्षा प्रमाण-पत्र पुलिस अधीक्षक दमोह एवं संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।